# **<u>प्रेस नोट</u>**

## **<u>जनपद सीतापुर</u>**

## **<u>1.2 किलोग्राम अवैध गांजे के साथ अभियुक्त गिरफ्तार</u>**

दिनांक 25.08.2021

पुलिस अधीक्षक सीतापुर श्री आर.पी. सिंह द्वारा जनपद सीतापुर में अपराध नियंत्रण एवम् अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु जनपद पुलिस को वृहद एवम् सघन चेकिंग के लिये निर्देशित किया गया है।

पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देश के क्रम में थाना महमूदाबाद पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त भोलेनाथ उर्फ मोनू पुत्र छेद्दू गोस्वामी निवासी गोखरा गोसाई थाना महमूदाबाद जनपद सीतापुर को ग्राम गोखरा गोसाई मोहल्ला मोड़ से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिसके कब्जे से मौके पर 01 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ है। बरामदगी के संबंध में अभियुक्त के विरूद्ध मु0अ0सं0 314/21 धारा 8/20 NDPS ACT पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त -</u>** भोलेनाथ उर्फ मोनू पुत्र छेद्दू गोस्वामी नि0 गोखरा गोसाई थाना महमूदाबाद सीतापुर

**<u>बरामदगी-</u>** 01 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा

**<u>पंजीकृत अभियोग-</u>** मु0अ0सं0 314/21 धारा 8/20 N.D.P.S. Act थाना महमूदाबाद सीतापुर।

**<u>पुलिस टीम -</u>**

1. उ0नि0 श्री एजाज अहमद
2. हे0का0 रंजीत यादव
3. का0 अर्जुन सिह

